# कार्यालय कलेक्टर (आदिवासी विकास) जिला गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही (छ.ग.)

दूरभाष क्र.– 07751 220658
Email – actwd.gpm@gmail.com

क्रमांक / 4148 / भर्ती–03 / 2023–24                    गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही, दिनांक 19 / 05 / 2023

## // संशोधित विज्ञापन //

छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर के पत्र क्रमांक एफ 13–1 / 2023 / आ.प्र. / 1–3 नवा रायपुर, दिनांक 03.05.2023 एवं कार्यालय आयुक्त आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर छ0ग0 के पत्र क्रमांक / सा.स्था. 3 / भर्ती–24 / 2023 / 1096 नवा रायपुर, अटल नगर, दिनांक 08.05.2023 के द्वारा कार्यालय कलेक्टर, आदिवासी विकास गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही के रिक्त पदों की पूर्ति सीधी भर्ती द्वारा किये जाने के निर्देश के अनुक्रम में इस कार्यालय द्वारा जारी विज्ञापन क्रमांक / 4062 / भर्ती–03 / 2023–24 दिनांक 11.05.2023 में संशोधन करते हुये निर्धारित योग्यता रखने वाले योग्य अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र पंजीकृत डाक / स्पीड पोस्ट के माध्यम से **कार्यालय कलेक्टर आदिवासी विकास जिला गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही के पते में** दिनांक 02.06.2023 सायं 5:00 बजे तक आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदक द्वारा पूर्व में प्रेषित आवेदन पत्र मान्य किया जावेगें। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों पर किसी भी स्थिति में विचार नहीं किया जावेगा।

रिक्तियों की संख्या पदनाम सहित प्रवर्गवार निम्नानुसार है :–

| क्र. | पदनाम | रिक्त पदों की संख्या | अ.ज.जा. | | अ.जा. | | अ.पि.वर्ग | | अनारक्षित | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | म. | मुक्त. | म. | मुक्त. | म. | मुक्त. | म. | मुक्त |
| 1 | शीघ्रलेखक ग्रेड – 3 | 01 | – | – | – | – | – | – | – | 01 |
| 2 | सहायक ग्रेड – 03 | 04 | 01 | 01 | – | – | – | 01 | – | 01 |
| 3 | डाटा एण्ट्री ऑपरेटर | 01 | – | – | – | – | – | – | – | 01 |
| 4 | वाहन चालक | 01 | – | – | – | – | – | – | – | 01 |
| 5 | भृत्य नियमित | 02 | – | 01 | – | – | – | – | – | 01 |

**महत्वपूर्ण टीप :–**

1. आवश्यकतानुसार उपरोक्त पदों की संख्या में कमी अथवा वृद्धि की जा सकेगी।
2. उपरोक्त सभी नियुक्ति एवं चयन प्रक्रियायें, माननीय उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली के एस.एल.पी.(सी) कमांक 19668 / 2022 के अंतिम आदेश के आधीन होगी।
3. परिवीक्षा अवधि : चयनित अभ्यर्थियों की नियुक्ति वित निर्देश 21 / 2020 के तहत् 03 वर्ष की परिवीक्षा पर की जाएगी। परिवीक्षा अवधि में प्रथम वर्ष में वेतनमान के न्यूनतम का 70 प्रतिशत, द्वितीय वर्ष में वेतनमान के न्यूनतम का 80 प्रतिशत एवं तृतीय वर्ष में वेतनमान के न्यूनतम का 90 प्रतिशत स्टायपेण्ड देय होगा। किन्तु इस अवधि में स्टायपेण्ड के साथ अन्य भत्ते कार्यरत् कर्मचारियों की तरह प्राप्त होगें।
4. छत्तीसगढ़ के मूल निवासी ही मान्य होंगे।
5. किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में कलेक्टर / चयन समिति का निर्णय अंतिम एवं बंधनकारी होगा।

(1) भर्ती हेतु योग्यता :–

1. **शीघ्रलेखक ग्रेड – 3**

(अ) वेतनमान – वेतन मैट्रिक में लेवल 7 वेतनमान रू. 5200–20200+2800

(ब) शैक्षणिक योग्यताएं –

अनिवार्य – 1. मान्यता प्राप्त शिक्षा मंडल से (10+2) परीक्षा उत्तीर्ण अथवा पुरानी हायर सेकेण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण के साथ मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय में स्नातक पाठ्यक्रम की प्रथम वर्ष परीक्षा उत्तीर्ण।

2. मध्य प्रदेश/छत्तीसगढ़ शीघ्रलेखन एवं मुद्रलेखन बोर्ड या शासन द्वारा मान्यता प्राप्त मंडल/संस्था से शीघ्रलेखन परीक्षा उत्तीर्ण प्रमाण पत्र एवं शीघ्रलेखन 100 शब्द प्रतिमिनट की गति।

3. मान्यता प्राप्त संस्था से डाटा एण्ट्री ऑपरेटर/प्रोग्रामिंग में एक वर्षीय डिप्लोमा/प्रमाण पत्र तथा डाटा एण्ट्री की गति 10,000 की डिप्रेशन प्रतिघंटा। (गति के लिए कौशल परीक्षा ली जाएगी)

..........2

वांछनीय :– द्विभाषी शीघ्रलेखन (अंग्रेजी/हिन्दी) वाले अभ्यर्थी को प्राथमिकता दी जावेगी।

2. **सहायक ग्रेड – 03**

(अ) वेतनमान – वेतन मैट्रिक्स में लेवल – 4, वेतनमान – 5200–20200+1900

(ब) शैक्षणिक योग्यताएं –

अनिवार्य – 1. मान्यता प्राप्त शिक्षा मंडल से (10+2) परीक्षा उत्तीर्ण **अथवा** पुरानी हायर सेकेण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण के साथ मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय में स्नातक पाठ्यक्रम की प्रथम वर्ष परीक्षा उत्तीर्ण ।

2. मान्यता प्राप्त संस्था से डाटा एण्ट्री ऑपरेटर/प्रोग्रामिंग में एक वर्षीय डिप्लोमा/प्रमाण पत्र तथा डाटा एण्ट्री की गति 5,000 की डिप्रेशन प्रतिघंटा। (गति के लिए कौशल परीक्षा ली जाएगी)

3. **डाटा एण्ट्री ऑपरेटर**

(अ) वेतनमान – वेतन मैट्रिक्स में लेवल –5, वेतनमान – 5200–20200+2200

(ब) शैक्षणिक योग्यताएं –

अनिवार्य – 1. मान्यता प्राप्त शिक्षा मंडल से (10+2) परीक्षा उत्तीर्ण **अथवा** पुरानी हायर सेकेण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण के साथ मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय में स्नातक पाठ्यक्रम की प्रथम वर्ष परीक्षा उत्तीर्ण **अथवा** कक्षा 10 वी परीक्षा उत्तीर्ण एवं मान्यता प्राप्त संस्था से किसी भी विषय में त्रिवर्षीय डिप्लोमा।

2. मान्यता प्राप्त संस्था से डाटा एण्ट्री ऑपरेटर/प्रोग्रामिंग में एक वर्षीय डिप्लोमा/प्रमाण पत्र तथा डाटा एण्ट्री की गति 8,000 की डिप्रेशन प्रतिघंटा। (गति के लिए कौशल परीक्षा ली जाएगी)

4. **वाहन चालक**

(अ) वेतनमान – वेतन मैट्रिक्स में लेवल – 4, वेतनमान – 5200–20200+1900

(ब) शैक्षणिक योग्यताएं –

अनिवार्य – 1. किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से पूर्वमाध्यमिक शाला (कक्षा 8वीं) प्रमाणपत्र परीक्षा उत्तीर्ण।

2. हल्का मोटर यान का वैध अनुज्ञप्तिधारी (लायसेंस) हो।

3. अनुभव को प्राथमिकता।

5. <u>भृत्य नियमित</u>

(अ) वेतनमान – वेतन मैट्रिक्स में लेवल – 1, वेतनमान – 4750–7440+1300

(ब) शैक्षणिक योग्यताएं –

अनिवार्य – किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड अथवा संस्था से कक्षा पांचवी की परीक्षा उत्तीर्ण करने का प्रमाण–पत्र।

<u>आयू सीमा –</u>

अधिकतम आयू सीमा में छूट के संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग (छ.ग. शासन) द्वारा समय–समय पर जारी निर्देश लागू होगें।

**पात्रता की अन्य शर्ते –**

1. आवेदक का रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन होना अनिर्वाय है।
2. पद क्रमांक 01 से लेकर 03 तक कौशल परीक्षा आयोजित की जायेगी एवं पद क्रमांक 04 को अनिवर्य रूप से अनुभव/ दक्षता की परीक्षा ली जावेगी। पद क्रमांक 05 हेतु कक्षा 5वी में प्रवीण्यता एवं वरिष्ठता के आधार पर चयनित किया जावेगा।
3. आवेदन के साथ जन्मतिथि के संबंध में प्रमाण पत्र, शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, स्थायी निवास प्रमाण पत्र, रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र (शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्थाओं में कार्यरत शासकीय सेवकों को छोड़कर), दिव्यांगता प्रमाण पत्र इत्यादि प्रमाण पत्रों की स्व प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
4. यदि आवेदक विज्ञापित पदों में से एक से अधिक पद हेतु आवेदन प्रस्तुत करना चाहता है, तो उसे प्रत्येक पद हेतु पृथक–पृथक आवेदन निर्धारित प्रारूप में पेश करना होगा तथा एक पद के लिए केवल एक ही आवेदन स्वीकार किया जावेगा।
5. प्रत्येक आवेदक को चाहिए, कि वह विज्ञापन में दिए गये निर्देशों तथा आवेदन पत्र में सभी जानकारी देखकर अत्यंत सावधानीपूर्वक सही एवं पूर्ण जानकारी भरें। यदि आवेदन पत्र में कोई जानकारी अपूर्ण अथवा त्रुटिपूर्ण दी जाती है तो उसकी पूरी जिम्मेदारी आवेदक की होगी। त्रुटि तथा अपूर्णता के आधार पर आवेदक को बिना पूर्व सूचना दिए आवेदन पत्र चयन के किसी भी स्तर पर निरस्त किया जा सकेगा। **<u>पदों हेतु निर्धारित योग्यता विज्ञापन तिथि तक पूर्ण होना चाहिए।</u>**
6. विज्ञापन संबंधित समस्त जानकारी एवं आवेदन का प्रारूप कार्यालय के सूचना पटल पर एवं जिले के अधिकारी वेबसाइट http://gaurella-pendra-marwahi में अवलोकन किया जा सकता है।

नोट :– (1) यह स्पष्ट किया जात है कि प्रायोगिक (दक्षता/कौशल) परीक्षा (कम्प्यूटर आपरेटिंग) में अनुपस्थित रहने आवेदकों को चयन के लिए अपात्र होगें।

(2) प्रावीण्यता के आधार पर सूची तैयार किया जायेगा।

सहायक आयुक्त
आदिवासी विकास
जिला गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही (छ.ग.)